पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-27.02.2013 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री राम लषण राम "रमण", स०वि०स० श्री जावेद इकवाल अंसारी, स०वि०स० श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार, स०वि०स श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स० श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स०	"गया जिले के नक्सलग्रस्त रौशनगंज थाने से महज दो किलोमीटर दूर उचला गाँव के पास दिनांक-22.02.2013 को माओवादियों ने लैंडमाइंस विस्फोट कर पुलिस जीप उड़ा दी । विस्फोट इतना जोरदार था कि उस पर सवार पुलिस के छह जवानों सहित आठ लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जीप के परखच्चे उड़ गए और जवानों के शव कई टुकड़ों में दूर तक बिखर गया । घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मदारपुर गाँव में आँगनबाड़ी सेविका का चयन होना था, इसी सिलसिले में रौशनगंज थाना के ए०एस०आई० प्रदुम राय, बी०एम०पी० के सेक्शन फोर्स के साथ गए थे । जीप जैसे ही उचला गाँव के बाड़ा मोड़ के समीप पहुँची, माओवादियों के बारूदी सुरंग विस्फोट से जीप में सवार रौशनगंज थाना में तैनात ए०एस०आई०, बी०एम०पी० के पाँच जवान समेत आठ लोगों की मौत घटना स्थल पर हो गई । अतः माओवादी हमले में मारे गए परिवारों को उचित मुआवजा एवं राज्य में गिरती कानून-व्यवस्था की स्थिति की ओर हम सरकार का ध्यानाकृष्ट करते हैं ।"	गृह

1	2	3	4
2.	श्री भाई वीरेन्द्र, स०वि०स० डॉ० फैयाज अहमद, स०वि०स० श्री अवधेश कुमार राय, स०वि०स० श्री जाकिर हुसैन खान, स०वि०स०	''राज्य के सभी अभियन्ता दिनांक-06 फरवरी, 2013 से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, जिस कारण से राज्य में विकास का कार्य ठप्प हो गया है । सरकार ने मार्च, 2010 में अभियंत्रण संघ से वार्त्ता के अनुरूप उनकी समस्या समाधान हेतु उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था । उक्त समिति ने लगभग ढाई वर्ष पूर्व ही अपनी अनुशंसा सरकार को सौंपी थी परन्तु अभी तक सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है । संघ ने 6 फरवरी, 2013 से हड़ताल पर जाने की सूचना काफी पहले सरकार को दी थी, परन्तु सरकार ने अभी तक कोई गंभीर वार्त्ता संघ से नहीं की है । सरकार की उदासीन रवैया के कारण राज्य में विकास का कार्य ठप्प हो गया है । अत: राज्यहित में अभियन्ताओं की हड़ताल समाप्त करने के लिए हम सरकार का ध्यानाकृष्ट करते हैं ।''	मंत्रिमंडल सचिवालय

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-7/13- 157 / वि०स०, पटना, दिनांक- 26 फरवरी, 2013 ई० ।

प्रति :- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / गृह विभाग तथा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

26/02/13

(राजकुमार रजक)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-7/13- 157 / वि०स०, पटना, दिनांक- 26 फरवरी, 2013 ई० ।

प्रति :- अवर सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय / निजी सहायक, संयुक्त सचिवीय कार्यालय को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय, प्रभारी सचिव एवं प्रभारी संयुक्त सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

26/02/13

(राजकुमार रजक)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

26/2/13